
# जीएसटी में बदलाव खर्चों को कम करेंगे

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर की पोस्ट


**नई दिल्ली, 22 सितंबर (वार्ता) केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) की दरों में किये गये बदलाव को अगली पीढ़ी के लिए सुधार बताते हुए इसे गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं को सशक्त बनाने के मोदी सरकार के मिशन में एक ऐतिहासिक कदम करार दिया है.**

सोशल मीडिया 'एक्स' पर की गयी पोस्ट की एक श्रृंखला में, शाह ने कहा कि जीएसटी संरचना में व्यापक बदलाव रोजमर्रा के खर्चों को काफी कम कर देंगे और भारत को दुनिया का सबसे समृद्ध राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ायेंगे.



शाह ने कहा, अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं की सेवा के दृढ़ संकल्प का प्रमाण हैं. नये सुधार विभिन्न वस्तुओं पर जीएसटी दरों में भारी कटौती के साथ उनके खर्चों को और कम करेंगे और भारत के विकास के पहिये को दुनिया का सबसे समृद्ध देश बनने की राह पर और भी तेज़ी से आगे बढ़ायेंगे. व्यापक आर्थिक प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए, शाह ने कहा कि ये सुधार न केवल उपभोक्ताओं पर बोझ कम कर रहे हैं, बल्कि मध्यम वर्ग के लिए अधिक अवसर भी पैदा कर रहे हैं. गृह मंत्री ने कहा, मोदी सरकार मध्यम वर्ग के लिए ढेरों अवसर खोलकर उनकी आय बढ़ा रही है और जीएसटी में सुधार के जरिए उनकी बचत में लगातार वृद्धि सुनिश्चित कर रही है. उन्होंने कहा, दैनिक आवश्यक वस्तुओं, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा से जुड़ी वस्तुओं की जीएसटी दरों में कमी से खर्च करने योग्य आय बढ़ेगी.

### मंत्री अश्विनी वैष्णव पहुंचे व्यापारियों के बीच



**नई दिल्ली.** देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें लागू होने के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के आर के पुरम सेक्टर आठ की मार्केट में पहुंचे और व्यापारियों से संवाद किया। वैष्णव ने व्यापारियों से बातचीत के दौरान जीएसटी में नये सुधार को लेकर सरकार की मंशा और नीयत को उनके सामने रखा. उन्होंने जनता के साथ-साथ व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए इन सुधारों को ऐतिहासिक बताया और कहा कि ये सुधार 140 करोड़ से अधिक भारतीयों को राहत देंगे, खपत बढ़ायेंगे और अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेंगे. उन्होंने कहा कि 2014 से पहले तरह-तरह के अलग-अलग कर होते थे, जिसका अधिभार पड़ता था, लेकिन उसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जीएसटी लेकर आये सारे करों समाप्त कर देश में एक कर प्रणाली लागू की. अब जीएसटी में स्लैब को भी सुधार लेकर आये हैं, जिसमें टैक्स की क़ीमतों को कम किया गया है. अब केवल टैक्स के दो स्लैब है. इसका सीधा सकारात्मक असर व्यापारियों और ग्राहकों पर पड़ेगा.

# द्विराष्ट्रवाद सिद्धांत को मान्यता देने वाले देशों की संख्या बढ़ी

**नई दिल्ली, 22 सितंबर. संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य 193 देशों में से 147 देश फ़लिस्तीन को राष्ट्र के तौर पर मान्यता दे चुके हैं और अब ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के बाद पुर्तगाल ने भी फिलिस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र के तौर पर औपचारिक मान्यता देने की घोषणा कर दी है.**

भारत नवंबर 1988 में पहले ही फिलिस्तीन को स्वतंत्र देश के तौर पर मान्यता दे चुका है और उसके साथ तभी राजनयिक संबंध स्थापित कर लिये थे. पुर्तगाल ने अपने ऐलान में कहा कि द्वि-राष्ट्र समाधान ही न्यायसंगत और स्थायी शांति का एकमात्र मार्ग है. यह भी आशा की जा रही है कि फ्रांस और कई अन्य देश इस सप्ताह संयुक्त राष्ट्र महासभा में ऐसा ही करेंगे. दशकों से इज़रायल के मज़बूत सहयोगी रहे इन पश्चिमी देशों ने द्वि-राष्ट्र समाधान की दिशा में प्रगति न होने पर गहरी निराशा भी व्यक्त की है. उधर इसके जवाब में, इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संकल्प लेते हुए कहा कि कोई फ़लिस्तीनी राज्य नहीं होगा. नेतन्याहू ने रविवार को एक बयान में कहा, सात अक्टूबर के भयानक नरसंहार के बाद फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देने वाले नेताओं के लिए मेरा एक स्पष्ट संदेश है आप आतंकवाद को एक बड़ा इनाम दे रहे हैं. नेतन्याहू ने कहा हमारी धरती में एक आतंकवादी राज्य को थोपने की इस ताजा कोशिश का जवाब देंगे.

# पश्चिमी इराक में दो सुरक्षाकर्मी मारे गए

**बगदाद, 22 सितंबर.** इराक के आतंकवाद निरोधी सेवा (सीटीएस) के दो सदस्य रविवार को पश्चिमी प्रांत अनबार में सुरक्षा अभियान के दौरान हुए विस्फोट में मारे गए और एक खुफिया अधिकारी घायल हो गया. यह जानकारी इराकी सेना ने दी. इराकी संयुक्त ऑपरेशन कमांड से संबद्ध मीडिया आउटलेट, सिक्योरिटी मीडिया सेल ने एक बयान में कहा कि यह घटना स्थानीय समयानुसार अपराह्न 3:00 बजे (1200 जीएमटी) हुई, जब सीटीएस और अनबर खुफिया एवं आतंकवाद निरोधक निदेशालय का एक संयुक्त बल अनबर में इस्लामिक स्टेट आतंकवादियों के ठिकानों पर हाल ही में किए गए हवाई हमले के स्थल का निरीक्षण कर रहा था.

# मोदी लाखों लोगों के लिए प्रेरणा : राधाकृष्णन

**नई दिल्ली, 22 सितंबर (वार्ता) उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश और विदेश में लाखों लोगों के लिए एक जीवंत प्रेरणा बताते हुए कहा कि वह अपने आचरण से लोगों को अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करते हैं.**

राधाकृष्णन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनिंदा भाषणों वाले दो खंडों का विमोचन करने के बाद कहा कि ये दोनों खंड प्रधानमंत्री के राष्ट्र के प्रति योगदान, दृष्टिकोण और सपनों को समझने की कुंजी हैं. उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को देश और विदेश में लाखों लोगों के लिए एक जीवंत प्रेरणा बताया, जो अपने आचरण से लोगों को अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करते हैं. वह एक आम आदमी के प्रतिनिधि से एक सच्चे जननेता के रूप में विकसित हुए हैं जिनके दृढ़ संकल्प ने हमें दिखाया है कि कैसे असंभव को संभव बनाया जा सकता है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का हर भाषण दृढ़ता, दृढ़ संकल्प और जन कल्याण का एक ही संदेश देता है. प्रधानमंत्री के भाषण उस दृष्टिकोण को दर्शाते हैं जिससे यह सुनिश्चित होता है कि सरकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें. उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने एक भारत श्रेष्ठ भारत, काशी तमिल संगम, जनजातीय गौरव दिवस और राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ रखने जैसी पहलों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक पहचान मजबूत किया है.

> उन्होंने स्टार्टअप इंडिया, फिट इंडिया, खेलो इंडिया, स्किल इंडिया और रोज़गार मेलों जैसी पहलों की प्रशंसा करते हुए इन्हें 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण के लिए आधारभूत स्तंभ बताया. उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों में में वैश्विक एजेंडा को आकार देने से लेकर वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत और पीएम-सूर्य घर के अलावा मुफ्त बिजली योजना जैसी परिवर्तनकारी पहलों को आगे बढ़ाना शामिल है. उन्होंने बताया कि कैसे ये कार्यक्रम सतत विकास लक्ष्यों को दर्शाते हैं और लोगों के जीवन में ठोस बदलाव लाते हैं. जनता की सामूहिक क्षमता में पीएम के अटूट विश्वास ने स्वच्छ भारत अभियान को जनभागीदारी के एक जन आंदोलन में बदल दिया.



# नप चुनाव नहीं कराने के मामले में हाईकोर्ट सख्त

**नैनीताल, 22 सितंबर.** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने किच्छा नगर पालिका के चुनाव नहीं कराये जाने के मामले में सोमवार को सख्त रुख अख्तियार किया. नप के प्रशासक और उप जिलाधिकारी को एक दिन बाद अदालत में तलब किया है. किच्छा के नई मुलसान खान और अन्य की ओर से चुनौती दी. याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि सरकार ने दिसंबर, 2022 से किच्छा नगर पालिका के चुनाव नहीं कराये जा रहे हैं. प्रशासक नगर पालिका के कार्यों की जिम्मेदारी संभाल रहा है. यह भी कहा कि सरकार सिरौलीकलां के चार वार्डों को नगर पालिका से गतल तरीके से हटा रही है. नप के सिरौलीकलां के चार वार्डों को राज्य सरकार स्वतंत्र निकाय का दर्जा दे रही है.

# डिजाइन प्रदर्शनी युवाओं के लिए करियर की नई राहें

### नागपुर में 28 सितंबर को होगा आयोजन

**नागपुर, 22 सितंबर. युवा पीढ़ी के लिए रचनात्मक करियर अब पहले से कहीं अधिक संभावनाओं से भरे हुए हैं.**

इसी सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भंवर राठौड़ डिजाइन स्टूडियो नागपुर में एक विशेष डिजाइन प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है. यह आयोजन 28 सितम्बर 2025 को इम्प्रेस मॉल स्थित नक्षत्र बैंक्वेट हॉल में होगा. प्रदर्शनी में कला, नवाचार और डिज़ाइन शिक्षा का संगम देखने को मिलेगा, जहाँ युवाओं को भविष्य के करियर अवसरों की झलक भी प्रस्तुत की जाएगी. प्रदर्शनी में इंटीरियर डिजाइन कांसेप्ट, प्रोडक्ट प्रोटोटाइप, आर्किटेक्चरल मॉडल और आर्ट इंस्टॉलेशन जैसे कार्य प्रदर्शित किए जाएंगे. इसका उद्देश्य केवल रचनात्मकता को सामने लाना नहीं, बल्कि यह भी दिखाना है कि डिजाइन के क्षेत्र में किस प्रकार करियर बनाया जा सकता है. इस अवसर पर शहर के कई प्रबुद्ध नागरिक, डिज़ाइन प्रेमी और उद्योग विशेषज्ञ भी शामिल होंगे, जिससे युवाओं को मार्गदर्शन और प्रेरणा दोनों मिलेगी.



> नागपुर सेंटर की संस्थापक एवं क्रिएटिव डायरेक्टर रीना पांडे ने बताया डिजाइन केवल सौंदर्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन को बदलने व नए अनुभव गढ़ने की प्रक्रिया है. प्रदर्शनी के माध्यम से हम युवाओं को दिखाना चाहते हैं कि डिज़ाइन किस तरह उनके लिए भविष्य का सफल और रचनात्मक करियर विकल्प बन सकता है. भंवर राठौड़ डिज़ाइन स्टूडियो ने पिछले 18 वर्षों में हजारों छात्रों का मार्गदर्शन कर उन्हें देश और विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे, व अंतरराष्ट्रीय डिज़ाइन विश्वविद्यालयों में प्रवेश लेने के लिए सक्षम बनाया है.

## एक नजर में



### रागासा का असर, 500 से अधिक उड़ानें रद्द

**हांगकांग, 22 सितंबर.** हांगकांग हवाई अड्डा प्राधिकरण ने सोमवार को तूफान रागासा के रौद्र रुप को देखते हुए विभिन्न विमानन कंपनियों की कई उड़ानें रद्द करने की घोषणा की. प्राधिकरण ने कहा कि मंगलवार शाम से ही उड़ानों में कटौती शुरु कर दी जाएगी. इस शक्तिशाली तूफान के बुधवार को यहां पहुंचने की आशंका है. इस दौरान केवल कुछ ही उड़ानों को उड़ान भरने और उतरने की अनुमति होगी. प्राधिकरण ने यात्रियों से आग्रह किया है कि वे हवाई अड्डे जाने से पहले एयरलाइन से संपर्क करें. प्राधिकरण हवाई अड्डे पर अस्थायी विश्राम क्षेत्र बनायेगा और यात्री टर्मिनल के अधिकांश रेस्टोरेंट और दुकानें इस दौरान खुली रहेंगी. विमानन कंपनी कैथे पैसिफिक ने बताया कहा कि उसे 500 से ज़्यादा उड़ानें रद्द करने की आशंका है. इन उड़ानों के गुरुवार को फिर से शुरू होने की उम्मीद है.

### परमाणु निरस्त्रीकरण अब पुरानी कहानी : जोंग



**प्योंगयांग, 22 सितंबर.** उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग उन ने कहा है कि परमाणु निरस्त्रीकरण एक अवधारणा के रूप में अपना अर्थ खो चुका है और उनका देश अपने परमाणु हथियारों को कभी नहीं त्यागेगा, लेकिन अगर अमेरिका परमाणु निरस्त्रीकरण के अपने मोह को छोड़ दे तो वह उसके साथ शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व पर चर्चा के लिए तैयार है. उत्तर कोरिया की संवाद समिति केसीएनए के अनुसार, उन ने चौदहवीं सुप्रीम पीपुल्स असेंबली के तेरहवें सत्र के दूसरे दिन यह टिप्पणी की. यह सत्र 20 से 21 सितंबर तक मानसुडे असेंबली हॉल में आयोजित किया गया था.

### सरकारी योजना के नाम पर ठगी में 3 गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने 'राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशन' के नाम पर देशभर में करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने तीन आरोपियों रत्नाकर उपाध्याय उर्फ करुणाकर, अनीता उपाध्याय और सौरभ सिंह को गिरफ्तार किया है. इनके खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों में पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं. शिकायतकर्ता से आरोपियों ने योजना का हवाला देकर उसे वेंडर के रूप में पंजीकृत कराने और स्कूली ड्रेस सप्लाई का ठेका दिलाने का लालच दिया.

# खुद स्वदेशी इस्तेमाल शुरू करें पीएम मोदी

## मेक इन इंडिया और स्वदेशी अभियान को लेकर केजरीवाल का तंज

**नई दिल्ली, 22 सितंबर 2025. मेक इन इंडिया और स्वदेशी अभियान को लेकर प्रधानमंत्री मोदी की अपील पर अब आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने करारा तंज कसा है.**

उन्होंने सीधे तौर पर प्रधानमंत्री से सवाल किया है कि क्या वे खुद उन विदेशी चीजों का उपयोग बंद करेंगे, जिनके खिलाफ वे लोगों को उपदेश देते हैं? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अपनाओ आह्वान के ठीक एक दिन बाद, दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर एक तीखा हमला बोला है. उन्होंने सीधे



प्रधानमंत्री से सवाल किया कि क्या वह खुद विदेशी उत्पादों और सुविधाओं का त्याग करेंगे, या सिर्फ जनता को ही उपदेश देंगे? केजरीवाल ने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री जी, आप चाहते हैं कि जनता स्वदेशी इस्तेमाल करे. आप खुद स्वदेशी इस्तेमाल करना शुरू कीजिए? जिस विदेशी जहाज़ से रोज घूमते हैं, उसे छोड़ दीजिए? जितने विदेशी समान इस्तेमाल करते हैं, उन्हें भी छोड़ दीजिए. उनका यह बयान तब आया जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय उत्पादों पर 50त्न शुल्क लगाने की घोषणा की, जिससे भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में नया तनाव उत्पन्न हो गया है. केजरीवाल ने केंद्र सरकार से पूछा कि अगर स्वदेशी को इतना बढ़ावा देना है, तो भारत में काम कर रही चार बड़ी अमेरिकी कंपनियों को बंद क्यों नहीं किया जा रहा? उनका इशारा स्पष्ट था कि जब तक सरकार खुद अमेरिकी निवेश और टेक्नोलॉजी का स्वागत करती रहेगी, तब तक स्वदेशी की बातें केवल चुनावी नारे ही रहेंगी.

## आज का इतिहास

1739 – रूस और तुर्की के बीच बेलग्रेड शांति समझौते पर हस्ताक्षर।

1803 – ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने असाये के युद्ध में मराठा सेना को हराया।


1857 – रूसी युद्धपोत लेफर्ट फिनलैंड की खाड़ी में आये भीषण तूफान में गायब हुआ, 826 लोग मारे गए।

1862 – महान् देशभक्त और राजनेता श्रीनिवास शास्त्री का जन्म।

1908 – हिन्दी जगत् सुप्रसिद्ध कवि रामधारी सिंह दिनकर का जन्म।

# बाढ़ पीड़ितों के साथ न्याय करें मोदी सरकार : राहुल

**नई दिल्ली, 22 सितंबर. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य के लिए केंद्र की तरफ से व्यापक राहत पैकेज दिया जाना चाहिए.**



गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा - पंजाब को बाढ़ की वजह से लगभग 20,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है. ऐसे में प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 1600 करोड़ रुपए का प्रारंभिक राहत पैकेज पंजाब के लोगों के साथ अन्याय है. उन्होंने कहा कि लाखों घर उजड़ गए हैं और चार लाख एकड़ से ज्यादा भूमि पर फसल बाढ़ के कारण बर्बाद हो गई है. किसानों को पशुधन की बड़ी हानि हुई है और बड़ी संख्या में किसानों के जानवर बह गए हैं.

# कनाडा में आतंकी पन्नू का बॉडीगार्ड गिरफ्तार

**ओटावा/नई दिल्ली.** कनाडा की पुलिस ने सिख्स फॉर जस्टिस के खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर इंद्रजीत सिंह गोसल को गिरफ्तार कर लिया है.

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के सख्त रुख और हाल ही में कनाडा के साथ हुई सुरक्षा बातचीत के बाद यह बड़ी कार्रवाई सामने आई है. भारत की कूटनीतिक सख्ती रंग लाई है. कनाडा की धरती पर खालिस्तानी गतिविधियों को लेकर लंबे समय से भारत की चिंता अब एक्शन में तब्दील हो गई है. गुरपतवंत सिंह पन्नू का निजी अंगरक्षक और सहयोगी इंद्रजीत सिंह गोसल को कनाडा की पुलिस ने गिरफ्तार किया है.

# नई दरों से निम्न व मध्यम वर्ग के लोगों को राहत मिलेगी : नीतिश

**पटना, 22 सितंबर. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को कहा कि नई वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों के लागू होने से देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) बढ़ेगा और सभी वर्ग के लोगों, खासकर निम्न एवं मध्यम वर्ग के लोगों को विशेष राहत मिलेगी.**



कुमार ने एक्स पर लिखा, आज नवरात्रि के पहले दिन से पूरे देश में जीएसटी की नई दरें लागू हो रही हैं. उन्होंने कहा अब जीएसटी के दो मुख्य स्लैब 05 प्रतिशत और 18 प्रतिशत होंगे. उन्होंने जीएसटी की दरों में सुधार के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया. उन्होंने कहा,इस सुधार से पूरे देश के साथ-साथ बिहार के सभी वर्गों के लोगों को लाभ होगा. आम आदमी के लिए उनके रोजमर्रा के इस्तेमाल की चीजें अब सस्ती होंगी तथा जरूरत के सामान खरीदने के लिए उन्हें अब कम खर्च करना होगा.

# फिलीपींस में भ्रष्टाचार को लेकर प्रदर्शन

### 95 पुलिसकर्मी घायल, 216 प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

**मनीला, 22 सितंबर. नेपाल के बाद अब फिलीपींस के हजारों युवाओं ने बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं से जुड़े घोटाले को लेकर राजधानी मनीला में रविवार को सड़कों पर जोरदार प्रदर्शन किया जिसमें 95 पुलिसकर्मी घायल हुये हैं.** इस दौरान 216 प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को विरोध प्रदर्शन काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा, लेकिन जल्द हिंसा भड़क उठी और प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ अयाला ब्रिज, मेंडिओला और क्लारो एम. रेक्टो एवेन्यू सहित प्रमुख क्षेत्रों में झड़पें



हो गयीं. पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारें की. फिलीपीनी न्यूज चैनल एबीएस-सीबीएन (एएनसी) के अनुसार गृह विभाग ने सोमवार को बताया कि 21 सितबर को मनीला में आयोजित भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हिंसक झड़पों में 95 पुलिस कर्मी घायल हुए व 216 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है.

> एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने एएनसी को बताया कि गिरफ्तार किये गये लोगों में 127 युवा और 89 नाबालिग शामिल हैं. मनीला शहर के मेयर इस्को मोरेना ने बताया कि इनमें 12 साल का किशोर भी है. प्रदर्शनकारियों ने पत्थरों, बोतलों व अत्याधुनिक हथियारों से पुलिस पर हमला किया जिसमें 95 जवान घायल हो गये. राजधानी क्षेत्र पुलिस कार्यालय के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल एंथनी एबेरिन ने बताया कि हिरासत में लिए लोगों के साथ पूछताछ पर पता चला कि कई युवा कथित तौर पर अन्य देशों की घटनाओं से प्रेरित थे और रैपर से भी प्रभावित थे.

# उत्तर कोरिया अतिरिक्त परमाणु हथियार बना रहा

**नई दिल्ली, 22 सितंबर. दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने कहा है कि उत्तर कोरिया हर साल 15-20 अतिरिक्त परमाणु हथियार बना रहा है और 'एक अंतरिम आपातकालीन उपाय' के रूप में इस पर रोक लगाना फिलहाल परमाणु निरस्त्रीकरण का 'एक व्यवहार्य और यथार्थवादी विकल्प' होगा.**

ली ने एक साक्षात्कार में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पड़ोसी देश उत्तर कोरिया के प्रमुख किम के बीच हुए उस समझौते पर सहमत होंगे, जिसमें उत्तर कोरिया परमाणु हथियारों से छुटकारा पाने के बजाय उनका उत्पादन रोकने पर राजी होगा. उल्लेखनीय है कि उत्तर कोरिया ने



2022 में खुद को एक परमाणु शक्ति घोषित किया थी और अपने हथियार कभी न छोड़ने की कसम खायी थी. ली ने कहा, जब तक हम परमाणु निरस्त्रीकरण के दीर्घकालिक लक्ष्य को नहीं छोड़ते, मेरा मानना है उत्तर कोरिया द्वारा अपने परमाणु और मिसाइल विकास को रोकने के स्पष्ट लाभ हैं. उन्होंने कहा, सवाल यह है कि क्या हम अंतिम लक्ष्य की दिशा में प्रयासों को जारी रखेंगे.

> जून में पदभार ग्रहण करने वाले राष्ट्रपति ली उत्तर कोरिया के साथ शांतिपूर्ण संबंध स्थापित करना और तनाव कम करना चाहते हैं. उनके पूर्ववर्ती यून सुक येओल के कार्यकाल में इस पड़ोसी देश के साथ रिश्ते और खराब हो गये थे. दक्षिण कोरियाई नेता इस बात पर मुखर रहे हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप, श्री किम के साथ परमाणु वार्ता फिर से शुरू करें. यह बातचीत 2019 में ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान टूट गयी थी. अमेरिका ने तब उत्तर कोरिया से अपने परमाणु संयंत्रों को नष्ट करने के लिए कहा था.

## मदद की मांग

### परंडा, भुम के गांव चांदनी नदी की बाढ़ से प्रभावित, प्याज की फसल डूबी

# विदर्भ-मराठवाड़ा के खेतों में भराया पानी, फसलें बर्बाद

**छत्रपति संभाजीनगर/हैदराबाद, 22 सितंबर. महाराष्ट्र के विदर्भ और मराठवाड़ा क्षेत्र में भारी बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है. खेत जलमग्न हैं, फसलें बर्बाद हो चुकी हैं और किसान सरकार से तत्काल सहायता की गुहार लगा रहे हैं.**

कई जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है, वहीं तेलंगाना में भी अगले सात दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है. महाराष्ट्र के मराठवाड़ा, विदर्भ और पश्चिमी क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी बारिश ने किसानों की स्थिति



गंभीर बना दी है. धाराशिव, बीड, लातूर, सोलापुर, हिंगोली, अहमदनगर और सतारा जैसे जिलों में खेतों में पानी भर गया है, जिससे फसलें नष्ट हो गई हैं. अकेले धाराशिव जिले में 1.5 लाख हेक्टेयर में फसलों के नुकसान का प्रारंभिक आकलन सामने आया है, जिसके मद्देनजर 191 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की मांग की गई है. सोलापुर जिले के मोहोल तालुका में प्याज की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गईं, जबकि अहमदनगर में एक किसान ने खेत में पानी भरने के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया. लातूर के काटीजलगा इलाके में अचानक बाढ़ के कारण एक व्यक्ति के बह जाने की खबर है.

मराठवाड़ा के कई इलाकों में आज भी बारिश जारी है. बीड जिले के शारूर कासर गांव में सांडफणा नदी उफान पर है, जिससे बाजार और घरों में पानी भर गया है. धानी गांव में मंजारा बांध के जलस्तर में वृद्धि के बाद प्रशासन ने छह गेट खोलकर 17,333 क्यूसेक पानी छोड़ा, जिससे आसपास के गांवों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है. परंडा के शेरसाओ इलाके में लगभग 300 लोग बाढ़ में फंसे हुए हैं.

> कृषि मंत्री ने इसे किसानों की गलती नहीं बल्कि प्राकृतिक आपदा बताया और कहा कि पंचनामा की प्रक्रिया जारी है. लेकिन प्रभावित किसान तात्कालिक वित्तीय सहायता और खाद्यान्न की मांग कर रहे हैं. इधर, तेलंगाना में भी बारिश ने दस्तक दी है. मौसम विभाग के अनुसार, अगले 7 दिनों में राज्यभर के कई जिलों में तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ भारी बारिश हो सकती है. यादाद्रि, मेडक, जनगांव, भद्राद्रि, खम्मम और विकाराबाद जैसे जिलों में भारी वर्षा दर्ज की.